## अक्षय तृतीया पर सामूहिक विवाह परिणय बंधन में बंधे 167 जोड़े

**▸ विधायक डामर ने भेंट किए उपहार और पौधे**




**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर जिले के गांव कुंडाल स्थित कोटेश्वर महादेव मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत भव्य सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। इस आयोजन में तीन जनपदों के कुल 167 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम रतलाम ग्रामीण विधायक मथुरालाल डामर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

विशेष बात यह रही कि आयोजन स्थल गांव कुंडाल स्वयं विधायक डामर का गृह ग्राम है। वे पिछले कई दिनों से व्यवस्थाओं में सक्रिय रूप से जुटे रहे। समारोह में प्रत्येक नवदंपती को 7 बर्तनों का विशेष उपहार सेट प्रदान किया गया, साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए एक-एक पौधा भी भेंट किया गया। वर-वधुओं ने विधायक के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में अतिथियों के हाथों नवदंपतियों को प्रतीकात्मक रूप से प्रोत्साहन राशि के चेक वितरित किए गए। शासन द्वारा प्रत्येक जोड़े को 49 हजार रुपए की राशि सीधे वधुओं के बैंक खातों में प्रदान की जाएगी।

समारोह में विधायक मथुरालाल डामर, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री विप्लव जैन, भाजपा नेता ईश्वरलाल पाटीदार, सांसद प्रतिनिधि कैलाश पटेल, जनपद अध्यक्ष साधना जायसवाल, कैलाशी बाई चारेल, जिला पंचायत सदस्य नाथूलाल गामड़, उपाध्यक्ष हितेंद्र सिंह, एसडीएम विवेक सोनकर, जनपद सीईओ छेतुसिंह वासकेला सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

विधायक डामर द्वारा समारोह में आए सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई, जिसमें जनप्रतिनिधि और अधिकारी एक साथ शामिल हुए। कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक समरसता के साथ पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया गया।

## सुसज्जित पालकी में विराजे परशुराम, गूंजे जयकारे...

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** श्री सर्वब्राह्मण सभा रतलाम द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर रविवार सुबह भव्य चल समारोह और शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सुसज्जित बग्गी में भगवान परशुराम जी की आकर्षक प्रतिमा विराजित की गई, वहीं दूसरी बग्गी में अखंड ज्ञान आश्रम के स्वामी श्री स्वरुपानंद जी महाराज विशेष रूप से शामिल हुए।

यह शोभायात्रा सैलाना रोड स्थित श्री राम मंदिर से 'जय-जय परशुराम' और 'ब्राह्मण एकता जिंदाबाद' के जयघोष के साथ प्रारंभ हुई। ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों, शंखध्वनि और भजनों की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

शोभायात्रा में सबसे आगे बैंड दल चल रहा था, जिसके पीछे भगवान परशुराम और



भगवान राम के बाल स्वरूप में सजे समाजजन आकर्षण का केंद्र रहे। इनके पश्चात मातृशक्ति ढोल की थाप पर 'जय परशुराम' के उद्घोष के साथ भक्ति में झूमती नजर आई।

शोभायात्रा सैलाना रोड से शक्ति नगर होते हुए परशुराम मंदिर की ओर अग्रसर हुई। आयोजन में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, सभा के कार्यकारी अध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी, सतीश पुरोहित, धीरज व्यास, सुनील शर्मा, पार्षद पप्पू पुरोहित, धर्मेंद्र व्यास, अदिति दवेसर सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाजजन उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

### कांग्रेस ने किया स्वागत

महलवाडा से वाहन रैली निकाली गई का माणक चौक पहुंचने पर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा के नेतृत्व में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पूर्व विधायक पारस सकलेचा, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष मयंक जाट, राकेश झालानी, रजनीकांत व्यास, नासिर कुरेशी, कमरुद्दीन कचवाया, सलीम बागवान, प्रदीप राठौड़, बसंत पड्या,जोएब आरिफ,इक्का बैलूत, नितेश शर्मा, राजकुमार लाला, विजय पंड्या, धर्मेंद्र मंडावरिया, रमेश पोरवाल, हेमंत नेका, राकेश आचार्य,जितेंद्र पंडित, मनोज परमार, दिलीप भाई, ओपी त्रिपाठी,शाकिर अंसारी आदि कांग्रेस जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** बिलपांक थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 26 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार ग्राम धतुरिया निवासी विनोद पिता चुन्नीलाल मकवाना (26) को दुर्घटना में गंभीर चोटें आई थीं, जिसके चलते उसकी मृत्यु हो गई।

मामले में पुलिस थाना बिलपांक द्वारा मर्ग क्रमांक 41/2026 धारा 194 बीएनएसएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। घटना की सूचना 18 अप्रैल को रात 8:57 बजे रामनगर क्षेत्र से प्राप्त हुई, जबकि अस्पताल में 10:17 बजे मृत्यु की पुष्टि की गई। जांच अधिकारी उपनिरीक्षक दीपक डामोर द्वारा मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार विनोद पिता चुन्नीलाल मकवाना निवासी ग्राम धतुरिया की दुर्घटना में गंभीर चोटें आने से मृत्यु हो गई।

## दो युवकों की संदिग्ध मौत, जहरीला पदार्थ खाने की आशंका

**रतलाम।** जिले के ताल थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर संदिग्ध परिस्थितियों में दो युवकों की मौत के मामले सामने आए हैं। दोनों ही मामलों में जहरीले पदार्थ के सेवन की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पहली घटना 18 अप्रैल शाम करीब 6 बजे ग्राम आबुपुरा वेयरहाउस और आबुपुरा फंटा के बीच की है, जहां बापुसिंह पिता कचरूजी डांगी (39) निवासी आबुपुरा की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। वहीं उसी स्थान के पास एक अज्ञात पुरुष (उम्र लगभग 40-45 वर्ष) का शव भी मिला है। प्रारंभिक जांच में जहरीले पदार्थ के सेवन की आशंका सामने आई है। इस मामले की जांच चौकी प्रभारी खारवाकला उपनिरीक्षक वी.डी. जोशी कर रहे हैं।

दूसरी घटना 17 अप्रैल को ग्राम लसुडिया खेड़ी स्थित एक खेत की है, जहां बरखेड़ा खुर्द निवासी समरथसिंह पिता बलवंतसिंह गुर्जर (23) ने अज्ञात जहर का सेवन कर लिया था। उसे उपचार के लिए एसआरएम अस्पताल मंदसौर में भर्ती कराया गया, जहां 18 अप्रैल को उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मामले की जांच उपनिरीक्षक मोहम्मद अय्यूब खान द्वारा की जा रही है।

पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग क्रमांक 23/2026 एवं 22/2026 धारा 194 बीएनएसएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एक नजर में

## रतलाम में पारा पहुंचा 43 .8 डिग्री

**रतलाम।** जिला अप्रैल में ही खूब तपने लगा हैं। चुभन वाली गर्मी और हल्की उमस से सब परेशान हैं। इसके साथ ही मालवा क्षेत्र में सूर्य देव का रौद्र रूप चरम पर है। रविवार को तापमान 43.8 डिग्री दर्ज किया गया। इसके पहले शनिवार को रतलाम न केवल अपने क्षेत्र में बल्कि पश्चिमी और पूर्वी मध्य प्रदेश के प्रमुख शहरों में सबसे गर्म दर्ज किया गया। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल माह में ही रतलाम में अधिकतम तापमान 44.0 डिग्री तक पहुंच गया है, जो सामान्य से +5.8 डिग्री अधिक है। मौसम विभाग के अनुसार ने आगे भी गर्मी का दौर जारी रहेगा। मौसम विभाग द्वारा जारी प्रदेश भर के आंकड़ों की तुलना करें तो रतलाम की स्थिति सबसे गंभीर नजर आती है।

## जीवन बहुत छोटा है... इसे व्यर्थ न करें : तप चकेश्वरी अरुणप्रभा मसा

**रतलाम।** जीवन बहुत छोटा है, इसे व्यर्थ करने के बजाय श्रेष्ठ और कलरफुल बनाना चाहिए। हजारों कल बीत गए और हजारों कल आएँगे, लेकिन आज एक ही है। अत: वर्तमान में जिएं, फूलों की तरह खिलें और अपने जीवन में थोड़ा-थोड़ा धर्म अवश्य जोड़ें। उक्त विचार श्रमण संघीय जैन दिवाकरीय आयाम्बिल तप आराधिका तप चकेश्वरी अरुण प्रभा जी म सा ने श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ नीमचौक जैन स्थानक पर आयोजित धर्म सभा मै व्यक्त किए। महासतिया आराधना श्री जी ने एक बहुत ही सुंदर सूत्र दिया। मीडिया प्रभारी निलेश बाफना ने बताया की इससे पूर्व प्रात: पूज्य महासतिया जी म. सा. आदि ठाना ने ग्राम बाजन खेड़ा से विहार कर रतलाम नगर मै मंगल प्रवेश किया। इस अवसर पर संघ के श्रावक श्रविकाओं ने बुलन्द नारों के साथ नगर प्रवेश करवाया जो नीमचौक जैन स्थानक पर धर्मसभा मै तब्दील हुआ। साथ ही कल 20 अप्रेल को अक्षय तृतीया के शुभ अवसर भगवान ऋषभदेव की स्तुति महान चमत्कारी भक्ताम्बर का भक्ताम्बर सम्पुट जाप का आयोजन प्रात: ठीक 8.30 बजे से 9.15 तक रहेंगा। महासतीजी की आगवानी महेंद्र बोथरा, प्रेमकुमार जैन, सुरेश कटारिया, अजय खमेसरा, विनोद बाफना, अमृत कटारिया, मणिलाल तरसिंग, आशीष कटारिया, वीरेंद्र कटारिया, अरिहंत बोराणा आदि ने की विहार सेवा का लाभ विनोद कटारिया, पंकज पटवा, अभय गाँधी, पंकज बरबोटा, यश पूँगलिया, प्रितेश कटारिया, मनीष भटेवरा, पारस मेहता, अमित भटेवरा, महावीर कटारिया, संजय मेहता, विकास कटारिया, रितेश मूणत, सन्दीप चाणोदीया, पंकज जैन, दिलीप मेहता, सुशील बाफना आदि ने लिया।

## नेत्रदान बना मानवता की प्रेरणा, सत्यनारायण राठौड़ ने दो नेत्रहीनों को दी नई रोशनी



**रतलाम।** 'मृत्यु अंत नहीं, बल्कि किसी और के जीवन की नई शुरुआत भी हो सकती है'—इस संदेश को साकार करते हुए राजस्व कॉलोनी निवासी सत्यनारायण राठौड़ (रेलवे) के निधन उपरांत उनके परिजनों ने नेत्रदान कर मानवता की प्रेरणादायक मिसाल प्रस्तुत की। दु:ख की इस घड़ी में भी परिजनों ने समाजहित को सर्वोपरि रखते हुए नेत्रदान का निर्णय लिया। उनके इस पुनीत कार्य से दो दृष्टिहीन व्यक्तियों को दृष्टि मिलने की संभावना है, जिससे उनके जीवन में नई आशा, आत्मविश्वास और उजाले का संचार होगा। यह निर्णय पूरे समाज के लिए प्रेरणा बन गया है। गोपाल राठौड़ (पतरा वाला) एवं ललित राठौड़ (घुघरू वाला) द्वारा दिवंगत के पुत्र हेमंत राठौड़ एवं परिवारजनों को नेत्रदान के महत्व की जानकारी दी गई, जिसके पश्चात परिजनों ने सहर्ष अनुमति प्रदान की। नेत्रम संस्था के हेमंत मूणत ने बताया कि परिजनों की सहमति मिलते ही रतलाम मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. अनीता मुथा को सूचित किया गया। उनके मार्गदर्शन में नेत्र विभागाध्यक्ष डॉ. रिशेन्द्र सिसोदिया के नेतृत्व में नर्सिंग ऑफिसर विनोद कुशवाह द्वारा दिलीप कटारे एवं दिलीप डामोर के सहयोग से नेत्रदान की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण की गई। इस सेवा कार्य में रोटेरियन यशवंत पावेचा ने सारथी की भूमिका निभाते हुए अपने निजी वाहन से मेडिकल टीम को दिवंगत के निवास तक लाने एवं पुन: मेडिकल कॉलेज पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। नेत्रदान के दौरान हेमंत मूणत, ओमप्रकाश अग्रवाल, सुशील 'मीनू' माथुर, रोटेरियन यशवंत पावेचा, शलभ अग्रवाल, गोपाल राठौड़ (पतरा वाला), ललित राठौड़ (घुघरू वाला), क्षितिज माथुर, संजय ओझा, मंगल राठौड़ सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर नेत्रम संस्था एवं डॉ. लक्ष्मीनारायण पांडे मेडिकल कॉलेज शासकीय नेत्र बैंक द्वारा परोपकारी परिवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



## प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण नारी शक्ति ने कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप के साथ देखा-सूना

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार रात राष्ट्र के नाम संबोधन दिया। इसमें उन्होने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल पास नहीं होने पर मातृ शक्ति से क्षमा मांगी और इस बिल को लेकर विपक्ष की नकारात्मक भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।

प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन का रतलाम में नारी शक्ति ने कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप के साथ सीधा प्रसारण देखा। विधायक जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, इंदौर जिला ग्रामीण प्रभारी शैलेन्द्र डागा, उज्जैन जिला प्रभारी बजरंग पुरोहित, विधानसभा संयोजक मनोहर पोरवाल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा सहित भाजपा के प्रदेश, जिला मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, एमआईसी सदस्य, पार्षद आदि उपस्थित रहे।

## कैबिनेट मंत्री काश्यप ने भरा स्व-गणना पत्र

**रतलाम।** जनगणना निदेशालय भारत सरकार के निर्देशानुसार जनगणना 2027 के प्रथम चरण 'मकान सुचिकरण एवं मकानों की गणना' के अंतर्गत जिले में स्व गणना 30 अप्रैल तक की जा रही है। प्रत्येक नागरिक घर बैठे आसानी से https://se.census. gov.in/ लिंक से फार्म भरकर 'स्व गणना' सुविधा का लाभ उठा रहे है। इसी क्रम में कैबिनेट मंत्री एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री मध्यप्रदेश शासन चेतन्य काश्यप द्वारा अपनी स्व गणना करते हुए सभी से, पूरी निश्चिंतता के साथ स्व गणना करने तथा सही सही जानकारी प्रदान करने की अपील की गई। मंत्री काश्यप ने कहा कि इस जानकारी का उपयोग राष्ट्र के विकास की योजना निर्माण के महत्वपूर्ण कार्य में किया जायेगा। यह जानकारी पूरी तरह से गोपनीय रहेगी, इसका उपयोग किसी भी तरह से कही भी साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा सकता है। पूरी तरह से निश्चिंत हो कर अपनी सही जन गणना कराए।

## किसानों से नरवाई न जलाने की अपील

**रतलाम।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने जिले के किसानों से खेतों में नरवाई (पराली) न जलाने की अपील की है। अपील में किसानों को बताया गया है कि नरवाई जलाने से जमीन में पोषक तत्व बचाने वाले सूक्ष्म जीवाणु अथवा लाभकारी कीट मर जाते हैं। इस वजह से भूमि की उर्वरा शक्ति कम हो जाती है और उत्पादन प्रभावित होता है। नरवाई जलाने से पशु पक्षियों को भी नुकसान पहुंचता है और मेढ़ों पर लगे हरे भरे पेड़ आग से झुलस जाते हैं। नरवाई जलाने से हानिकारक गैस का उत्सर्जन होता है, इस वजह से वातावरण प्रदूषित होता है तथा पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है।

**किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के अनुसार जिले में अधिकांशत:** कटाई कम्बाइंड हार्वेस्टर से होने के कारण खेत में शेष बची नरवाई या पराली किसानों द्वारा जला दी जाती है, जबकि प्रदेश के विभिन्न जिलों तथा अन्य प्रदेशों में इसका प्रयोग पशुओं के वैकल्पिक आहार के रूप में किया जाता है। नरवाई जलाने से पशुओं को पर्याप्त मात्रा में आहार न मिलने से वे भूखे रह जाते हैं और पॉलीथिन खाते हैं। इस वजह से पशुओं का जीवन संकट में पड़ जाता है और यहां तक की उनकी मृत्यु हो सकती है, जबकि कटाई के कुछ माह बाद यही नरवाई दोगुनी कीमत में बेचकर अतिरिक्त लाभ अर्जित किया जा सकता है। इसका इस्तेमाल पैकिंग कार्य में अथवा घरेलू ईंधन के रूप में भी किया जा सकता है। किसान कल्याण एवं कृषि विकास के अनुसार खेतों में नरवाई या पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरा क्षमता कम होती है और इससे उत्पादन प्रभावित होता है। नरवाई में लगाई गई आग के अनियंत्रित होने की आशंका भी हमेशा बनी रहती है। इसके कारण कई गंभीर अग्नि दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी हैं, जिससे सम्पत्ति का भी बड़े स्तर पर नुकसान हुआ है। ग्रीष्म ऋतु में जल संकट उत्पन्न होने का भी यह एक महत्वपूर्ण कारण है। विभाग के अनुसार रोटावेटर आदि यंत्रों का उपयोग कर नरवाई को मिट्टी में मिला देना चाहिए।

## छात्रों को सायबर क्राइम के बारे में बताया

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** बढ़ते सायबर अपराधों और धोखाधड़ी के मामलों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से रतलाम पुलिस द्वारा सायबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत समता इंटरनेशनल स्कूल, सागोद रोड में सेमिनार का आयोजन किया गया। यह आयोजन पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार के मार्गदर्शन में जिला सायबर सेल टीम द्वारा किया गया।

सेमिनार की शुरुआत पुलिस अधीक्षक के संदेश के वाचन से हुई, जिसे उपनिरीक्षक जीवन बारिया ने प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बच्चों से संबंधित सायबर अपराधों, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, आपत्तिजनक सामग्री, धमकी या ऑनलाइन उत्पीड़न की स्थिति में बिना डर के परिजन, शिक्षक या नजदीकी पुलिस थाने से संपर्क करने की सलाह दी। आर विपुल भावसार ने सायबर फ्रॉड के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी। आर मयंक व्यास ने सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, अनजान लिंक, एपीके फाइल, रिमोट ऐप, व्हाट्सऐप हैकिंग जैसी धोखाधड़ी से बचाव के बारे में विस्तार से बताया। विद्यार्थियों को प्राइवेसी सेटिंग और टू-स्टेप वेरिफिकेशन ऑन रखने तथा अनजान लोगों को फ्रेंडलिस्ट में जोड़ने से बचने की सलाह दी गई। सेमिनार में छात्रों को सायबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करने एवं किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी होने पर तुरंत पुलिस से सहायता लेने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में स्कूल की प्राचार्या आई.ए. खान, इनर व्हील्स क्लब की बबीता श्रीवास्तव एवं गीता शिवानी, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय शूटिंग बॉल स्पर्धा का आज होगा शुभारंभ

**▸ देश, प्रदेश, जिले के खिलाड़ी भाग लेंगे**



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** स्वर्गीय आर. आर. व्यास, रामचंद्र भाटी, शांतिलाल जैन डैडी, सुरेशसिंह भदोरिया, बसंतीलाल क्षत्रीय की स्मृति में अखिल भारतीय शूटिंगबाल 20-21 अप्रैल को रेलवे वॉलीबॉल खेल मैदान पर आयोजित की जा रही है।

अखिल भारतीय शूटिंगबाल स्पर्धा का सोमवार को सायंकाल 6 बजे मंडल रेल प्रबंधक अश्विन कुमार के मुख्य अतिथि में एवं दिनेशचंद्र सियाल सीनियर वाईस प्रेसिडेंट ईफ्का लैबोरेट्रीज की अध्यक्षता में तथा विशिष्ट मेहमान अक्षय कुमार अपर मंडल रेल प्रबंधक, पीयूष पांडे सचिव रतलाम मंडल खेलकूद संघ, धर्मेंद्र कुमार प्रजापति वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर, अविनाश कुमार वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, अजय ठाकुर सेवानिवृत वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक की उपस्थिति में शुभारंभ होगा।

समापन 21 अप्रैल मंगलवार को रात होगा समापन अवसर पर नगर निगम महापौर प्रहलाद पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री विप्लव जैन, बड़नगर विधायक जितेंद्र पंडया सहित अन्य गणमान्य आमंत्रित किए गए हैं। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 21000 नगद, उपविजेता 15555, तृतीय विजेता 9999, चतुर्थ उपविजेता को 7777 रू. की नगद राशि प्रदान की जाएगी, साथ ही सभी को ट्राफी भी प्रदान की जाएगी एवं अन्य पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के लिए स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर दो बत्ती स्थित एक निजी होटल में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई जिसमें आयोजन समिति के मुकेश परमार नगर परिषद अध्यक्ष ताल, प्रकाश व्यास, यूं एल भाटी, भगतसिंह भदौरिया, शाहनवाज़उद्दीन कुरैशी, सालार हुसैन बादशाह आदि उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विभिन्न समिति का गठन किया गया जिसमें स्कोरर, निर्णायक एवं अनुशासन समिति एवं अपील समिति में एबी राजीव, कमलनयन व्यास, विमल जैन, अनुराग शर्मा, अभिषेक श्रीकांत वर्मा, योगेन्द्रसिंह राठौड़, कैलाश गिरी, अशोक गौयल, गोपाल सिंह परमार, हरिराम पमार, हीरालाल परमार, विनोद वर्मा, मनोहर पचौरी, शंकर लाल मालवीय, बृजपाल सिंह, विष्णु सविता शर्मा, योगेश त्रिवेदी, ओमप्रकाश गांधी, मोईउद्दीन खान, याकुब मंसुरी, डॉ. एफ. आर. खान, रखबचंद गांधी, रामविलास शर्मा, विनोद शर्मा, सुभाष चंद्र व्यास, सुरेश चंद्र व्यास, जगदीश पनोला, कमलजीत सिंह, राजवंत सिंह, सुरेश वर्मा, सुधीर दुबे, मुकेश यादव, यू एल जायसवाल, संजय चौहान, दीपक मूणत आदि मनोनित किए गए है।

## गुजरात से लाई जा रही अमानक पॉलिथीन पर निगम की कार्रवाई

**▸ निगम की टीम ने 9.45 क्विंटल माल जब्त**

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर में प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ नगर निगम ने सप्लाई चेन पर सीधा प्रहार करते हुए बड़ी कार्रवाई की है। गुजरात से लाई जा रही अमानक पॉलिथीन की खेप को पकड़ते हुए निगम की टीम ने 9.45 क्विंटल कैरी बैग जब्त किए। कार्रवाई करमदी रोड पर करीब डेढ़ घंटे की घेराबंदी के बाद सफल हुई।

स्वास्थ्य अधिकारी राजेंद्र सिंह पंवार को सूचना मिली थी कि एक लोडिंग वाहन बड़ी मात्रा में घटिया गुणवत्ता की पॉलिथीन लेकर शहर में प्रवेश करने वाला है। सूचना पर सुबह करीब 11 बजे टीम ने करमदी रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास नाकाबंदी की। इस दौरान एमपी 43 जी 4054 नंबर की पिकअप को रोककर जांच की गई, जिसमें भारी मात्रा में अमानक पॉलिथीन भरी मिली। पूरी खेप को जब्त कर पांजरा पोल स्थित स्टोर रूम में सुरक्षित रखा गया।

नगर निगम का कहना है कि यह कार्रवाई केवल जब्ती तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि अवैध पॉलिथीन के नेटवर्क और सप्लाई चैन की भी जांच की जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी खेप शहर तक न पहुंच सके।

कार्रवाई के साथ ही नगर निगम ने शहर की कचरा संग्रहण व्यवस्था में लापरवाही पर भी सख्ती दिखाई है। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन में सेग्रिगेशन नहीं करने पर 24 कर्मचारियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। इनमें ड्राइवर और हेल्पर दोनों शामिल हैं। इस अभियान में वार्ड प्रभारी एवं ट्रेंचिंग ग्राउंड से जुड़े कर्मचारी—राजेश भाटी, अब्दुल वहाब, बृजमोहन खरे, राजेश नींधाने, विकास गिरजे, शिव भाना, सूर्यकांत खरे, शैलेंद्र मेहना, दिनेश बायत, विनोद चावरे, कमल शिंदे, चंदन भाटी सहित अन्य स्टाफ की भूमिका रही।

## सांझा चूल्हा : स्वयं सहायता समूहों की बैठक आयोजित

**रतलाम।** कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देशन में जिले के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों का औचक निरिक्षण किया जा रहा है। जिसमें केन्द्रों पर अनियमितता एवं पूरक पोषण आहार नाश्ता/भोजन की सेवाए बाधित होना पाई गई।

इसके सम्बध में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रतलाम के निर्देश के परिपालन में परियोजना अधिकारी जावरा अंकिता पाटीदार द्वारा महिला एवं बाल विकास परियोजना जावरा ग्रामीण में अनुबंधित समस्त स्वयं सहायता समूहों की बैठक जनपद सभागृह जावरा में आयोजित की गई। केन्द्र पर शासन द्वारा निर्धारित मेनु अनुसार नाश्ता/भोजन आंगनवाड़ी केन्द्रों पर नियमित समय से प्रदाय करने हेतु दिशा निर्देश दिये गये, किचनशेड में साफ-सफाई ,स्वच्छ पानी, साफ बर्तन एवं खाद्य सामाग्री के उचित भण्डारण करने हेतु निर्देश दिये गये साथ ही चेतावनी दी गई भविष्य में केन्द्रों पर गुणवत्ता पूर्ण निर्धारित मेनु अनुसार नाश्ता/भोजन प्रदाय नहीं करने पर अनुबन्ध निरस्त की कार्यवाही की जाएगी। बैठक में पर्यवेक्षक जमीला बानो, जया जाटव, सम्बन्धित शाखा प्रभारी श्री जगदीशचन्द्र मोर्य, अरविन्द पण्डया, एवं ब्लॉक समन्वयक सुनिल वर्मा सहित स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष/सचिव उपस्थित थे।